While in Prussia (the former state and kingdom in Germany, its capital was Berlin), Euler's home was destroyed by the Russian army invading Prussia. However, as he was held in very high esteem in both Russia and Prussia, his loss was promptly compensated.

Euler did not have many disciples of his own. However, as French mathematician Pierre-Simon Laplace (1749-1827) said, Euler was considered as the teacher of all mathematicians of his time.

Euler died on 18 September 1783. Even on the last day of his life Euler worked as per his normal routine. He gave mathematics lesson to one of his grandchildren. He made some calculations with chalk on two boards on the motion of balloons. He discussed with others the planet Uranus, which was discovered in 1781 by the English astronomer William Herschel. About five o'clock in the afternoon he suffered a brain haemorrhage and died about eleven o'clock at night.

References

1. Heilbron, J. L. (Ed.), The Oxford Companion to the History of Modern Science. Oxford: Oxford University Press, 2003.
2. James, Ioan, Remarkable Mathematicians: From Euler to von Neuman, Cambridge: Cambridge University Press, 2002.
3. Chambers Biographical Dictionary (Centenary Edition), New York: Chambers Harrap Publishers Ltd., 1997.
4. A Dictionary of Scientists, Oxford: Oxford Univer sity Press, 1999.
5. The Cambridge Dictionary of Scientists (Second Edition), Cambridge: Cambridge University Press, 2002.
6. Available resources on the Internet.

■ **Dr. Subodh Mahanti**

Email: smahanti@vigyanprasar.gov.in

(This is the abridged version of article by Dr. S. Mahanti appeared in the April, 2006 issue of 'Dream 2047')

Continued from page 3 (Satyendra Nath Bose)

Planks conditions ran counter to the classical idea. Plank was aware of the difficulties but he had never been able to resolve them. He wanted to reconcile his theory with the classical theory. However, Bose solved the problem in a different way, which ultimately laid the foundation of quantum statistics.

Bose was appointed as Professor at Dacca University in 1926 and he remained in the university till 1945. He returned to Calcutta in 1945 to become the Professor of Physics in Calcutta University which he continued till 1956. He was appointed National Professor in 1958. He held this position until his death 16 years later. In his later years he became actively interested in popularisation of science and wrote about science in Bengali. He was made a Fellow of Royal Society of London in 1958. He was a Foundation Fellow of the National Science Academy (1935). In 1986, as a tribute to Satyendra Nath Bose, the Department of Science and Technology, Government of India established the Satyandra Nath Bose National Centre for Basic Science in Calcutta.

■ **Rintu Nath**

Email: rnath@vigyanprasar.gov.in

Particle accelerator

Physicists use particle accelerators to study the nature of matter and energy. Accelerators accelerate charged particles (ions) through an electric field in a hollow, evacuated tube, eventually colliding each ion with a stationary target or another moving particle. When charged particles colloid with each other at extremely high speed, sub atomic particles are produced. Scientists analyze the results of the collisions, and try to understand the interactions governing the subatomic world. The paths of the accelerating particles may be straight, spiral, or circular. Cyclotron use spiral path and the synchrotron use circular path. Both has increasingly strong magnetic field. Particle accelerators have enabled scientists to learn more about the subatomic world. Large Hadron Collider (LHC) is an example of particle accelerator.

If you want to know more about Vigyan Prasar, its publications & software, besides the next moves of VIPNET Science Clubs, please write to us at the address given below:-

Vigyan Prasar

A-50, Institutional Area, Sector 62, NOIDA (U.P.) 201 309

Regd.Office : Technology Bhawan, New Delhi -110 016

Phone : 0120 240 4430, 240 4435 Fax : 0120 240 4437

E-mail : vipnet@vigyanprasar.gov.in, info@vigyanprasar.gov.in Website : http://www.vigyanprasar.gov.in

जॉन नेपियर
लघुगणक का आविष्कारक

''(जॉन नेपियर) ऐसे व्यक्ति हुए हैं, जो इस देश की धरती पर जन्मे किसी भी अन्य व्यक्ति की तुलना में महापुरुष की उपाधि के लिए सर्वथा योग्य हैं।''

– स्कॉटलैंड के बुद्धिजीवी डेविड फ्लूम

जॉन नेपियर गणितज्ञ, भौतिकीविद एवं खगोलविद होने के साथ-साथ दार्शनिक और आविष्कारक भी थे। वह प्रमुख रूप से लघुगणक के आविष्कारक तथा दशमलव बिंदु को प्रचलित करने वाले के रूप में याद किए जाते हैं। उन्होंने संख्यांकित दंडों का उपयोग करते हुए 'नेपियर हड्डियां' के नाम से मशहूर गुणन-उपकरण को ईजाद किया। यह युक्ति गुणा तथा भाग देने के काम आती है तथा इसका प्रयोग करके वर्गमूल और घनमूल प्राप्त किए जा सकते हैं। नेपियर अपने जीवन काल में प्रोटस्टंट धर्म-विज्ञान के उत्कृष्ट ग्रंथ के रचियता के रूप में जाने जाते थे। लैटिन में रचित 'प्लेन डिस्कवरी ऑफ द होल रेवेलेशन ऑफ सेंट जॉन (सेंट जॉन के संपूर्ण रहस्योद्घाटन की सुस्पष्ट खोज)' नामक यह ग्रंथ 1593 में प्रकाशित हुआ। इस पुस्तक के अनेक संस्करण निकले तथा यह अंग्रेजी, डच, फ्रांसीसी तथा जर्मन भाषाओं में अनूदित हुई। नेपियर ने युद्ध में काम आने वाले अनेक इंजनों और यंत्रोपकरणों का आविष्कार किया जिनमें स्पेन के फिलिप द्वितीय के खिलाफ़ लड़े गए युद्ध में प्रयुक्त आदिम टैंक भी शामिल है। नेपियर की ज्योतिष एवं भविष्यकथन में दृढ़ आस्था थी। प्रोटस्टंट मत के प्रखर अनुयाई होने के साथ वह राजनीति में भी काफी सक्रिय रहे। दिलचस्प बात यह है कि नेपियर का नाम उनके समय में विभिन्न वर्तनियों में लिखा जाता रहा, जैसे नापेर, नेपेयर, नेपेर, नेपर, नापर, नाइप्पर आदि। सबसे ज़्यादा रोचक बात तो यह है कि उनके नाम का वर्तमान रूप उनके जीवन काल में कभी व्यवहृत नहीं हुआ। उन दिनों उनका नाम जोहने (जॉन की पुरानी वर्तनी) लिखा जाता था। उनका उपनाम था मार्वेलस मेर्किस्टन (मेर्किस्टन का चमत्कारी पुरुष)।

जॉन नेपियर का जन्म स्कॉटलैंड स्थित एडिनबर्ग के मेर्किस्टन कैसल में 1550 में हुआ था। उनके जन्म की तिथि और महीना ज्ञात नहीं हैं। वर्तमान में उनका जन्म-स्थान नेपियर विश्वविद्यालय का एक हिस्सा है। उनके पिता सर आर्चिबाल्ड नेपियर सोलहवीं सदी उत्तर-स्कॉटलैंड के एक अहम लोक शख्सियत थे। वह न्यायाधीश के पद पर प्रतिनियुक्त थे और 1565 में उन्हें 'सर' की उपाधि से अलंकृत किया गया था। सन् 1582 में वह टकसाल के अध्यक्ष (मास्टर) नियुक्त हुए। जॉन नेपियर की मां जानेट नेपियर (विवाह पूर्व बोथवेल) ऑरनी के बिशप की बहन थीं।

जॉन नेपियर के बचपन के विषय में अधिक विवरण उपलब्ध नहीं हैं। सन् 1563 में वह सेंट एंड्रयूज़ विश्वविद्यालय के सेंट साल्वेटोर कालेज में दाखिल हुए। अपनी स्नातक की पढ़ाई पूरी होने तक नेपियर एंड्रयूज़ विश्वविद्यालय में टिके नहीं रहे और वह फ्रांस तथा यूरोप के अन्य देशों की सैर को निकल गए। इसका कोई ठीक-ठीक सबूत नहीं मिलता कि उन्होंने कहां पढ़ाई की थी। सन् 1571 में स्कॉटलैंड लौटने पर उन्होंने देखा कि देश की राजधानी में गृहयुद्ध छिड़ा हुआ है। एक तरफ़ महारानी मेरी की फौज थी जो सत्ता पर पुन: कब्जा करना चाहती थी और दूसरी तरफ़ रानी के युवा पुत्र का प्रतिशासक (रीजेंट) था जो प्रोटस्टंट सुधारवादी चर्च को कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध था। नेपियर के पिता एडिनबर्ग के महल में रानी के रीजेंट के सैन्य बल द्वारा बंदी बनाए गए।

सन् 1572 में नेपियर परिवार की अधिकांश संपत्ति जॉन नेपियर के नाम कर दी गई। इसके पश्चात नेपियर ने गार्टनेस में अपने नई भूसंपत्ति (इस्टेट) के निर्माण की योजना बनाई जो 1574 में पूरी हुई। नेपियर ने इस इस्टेट के संचालन कार्य में स्वयं को समर्पित कर दिया था। उन्होंने खेती में सुधार लाने के लिए अनेक युक्तियां खोज निकालीं। आमतौर पर यही माना जाता है कि नेपियर ने लघुगणक पर अपना अधिकतर कार्य गार्टनेस इस्टेट में रहते हुए ही अंजाम दिया था।

नेपियर ने अपने सुप्रसिद्ध आविष्कार लघुगणक का वर्णन 1614 में प्रकाशित मिरिफिसी लॉगारिथ्मोरियम कैनोनिस डिसक्रिप्टियो (लघुगणक के चमत्कारी सूत्रों का वर्णन) नामक कृति में किया है। इस पुस्तक के 37 पृष्ठों में व्याख्यात्मक सामग्री तथा 90 पृष्ठों में सारणियां संग्रहीत हैं। लैटिन में इसके प्रकाशन के दो साल बाद इसका अंग्रेज़ी रूपांतर प्रकाशित हुआ। यह अंग्रेज़ी अनुवाद एडवर्ड राइट द्वारा किया गया था। इस अद्भुत ग्रंथ में परिकलनों को सरलीकृत रूप में सूत्रबद्ध किया गया है। गणितीय मूलों के अपने गहन अध्ययन के कारण ही नेपियर लघुगणक के सिद्धांत को विकसित करने में सफल हुए। उन्होंने सारणियों के परिकलन में अपने जीवन के 20 वर्ष बिताए थे। लघुगणक पर उनका काम 1594 में शुरू हुआ और 1614 में जाकर समाप्त हुआ।

'लॉगारिथ्म' (लघुगणक) शब्द भी नेपियर ने ही गढ़ा था। यह शब्द यूनानी भाषा के दो शब्दों लॉगोज़ यानी 'अनुपात' या 'माप' और 'अरिथ्मज़' यानी 'संख्या' से व्युत्पन्न हुआ है। लघुगणक की सहायता से जोड़ और घटाने की संक्रियाओं द्वारा गुणा और भाग करना सुगम हो गया। डिस्प्रिप्शन आफॅ द मार्वेलस कैनन आफॅ लागारिथ्म्स (लघुगणक के चमत्कारी सूत्रों का वर्णन) की प्रस्तावना में स्वयं नेपियर लिखते हैं, "लघुगणक के ये सूत्र परिकलन में जुटे व्यक्तियों के काफी समय की बचत करेंगे और उन्हें अपनी चूक द्वारा हुई अनेक त्रुटियों से बचाएंगे।'' नेपियर इसी प्रस्तावना में आगे लिखते हैं, ''यह देखकर कि गणितीय प्रक्रिया से गुजरते हुए गणना करने वाले लोगों के सामने उठ रही कष्टप्रद एवं पीड़ादायक बात, उनके मार्ग में बाधा डालने वाली विकट समस्या, बड़ी-बड़ी संख्याओं के गुणा-भाग करने तथा उनके वर्गमूल और घनमूल निकालने के अलावा और कोई नहीं है... इसीलिए मैंने अपने मन में यह सोचना शुरू किया कि किस दक्ष एवं स्वयंसिद्ध कला के माध्यम से मैं इन बाधाओं को दूर कर सकूं।" लघुगणक पर नेपियर की अगली कृति मिरिफिसी लॉगोरिथ्मोरियम कैनोनिस कंस्ट्रक्टियो

(लघुगणक के चमत्कारी सूत्रों की संरचना) उनके निधन के बाद 1619 में प्रकाशित हुई।

नेपियर के आविष्कार के महत्त्व का अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि जोहान्नस केपलर को केवल मंगल की कक्षा का परिकलन करने में चार साल लग गए और यदि उन्हें नेपियर के लघुगणक के ये सूत्र नहीं मिले होते तो अपना शेष कार्य पूरा करने में उन्हें अपने जीवन-काल से भी अधिक समय लगाना पड़ता। अत: नेपियर के लघुगणक सूत्रों के अभाव में केप्लर के लिए निश्चित रूप से ग्रह गतियों के नियम पर 1609 में अपनी पुस्तक का प्रकाशन करना संभव नहीं हुआ होता। केप्लर ने 1619 में नेपियर को अपना हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए पत्र लिखा था। लेकिन उन्हें पता नहीं था कि स्कॉटलैंड की इस महान प्रतिभा का दो वर्ष पूर्व ही निधन हो चुका था। वह केप्लर ही थे जो यूरोप के एक विशाल जनसमुदाय को लघुगणक से परिचित कराने के लिए जिम्मेदार थे।

जोहान्नस केपलर

यहां पर यह भी उल्लेखनीय है कि स्विट्ज़रलैंड के जे. बर्जी (1552-1632) ने स्वतंत्र रूप से लघुगणक की अवधारणा उसी समय विकसित कर ली थी जब नेपियर ने इसका ईजाद किया था, परंतु बर्जी का कार्य 1620 के बाद ही प्रकाशित हो पाया था।

नेपियर की पद्धति में प्राकृतिक लघुगणक आधार 'ई' का प्रयोग हुआ है। ब्रिटिश गणितज्ञ हेनरी ब्रिग्ज (1561-1630) के सुझाव पर लघुगणक आधार 10 (जिसे सामान्य अथवा ब्रिग्जी लघुगणक के नाम से जाना जाता है) को बाद में अपनाया गया। नेपियर की पुस्तक के लैटिन संस्करण को पढ़ने के बाद ब्रिग्ज ने अपने एक मित्र को लिखा, "मेर्किस्टन के लॉर्ड नेप्पर ने अपने नूतन एवं सराहनीय लघुगणक सूत्रों से मेरे मस्तिष्क में नई रोशनी पैदा की और मेरे हाथों को नई गति प्रदान की। यदि ईश्वर की इच्छा हुई तो मैं इस ग्रीष्मावकाश में उनसे मिलने की आशा करता हूं क्योंकि इतनी अधिक प्रसन्नता देने या विस्मयविमुग्ध करने वाली पुस्तक मैंने इससे पहले कभी नहीं देखी थी।" जैसा कि ब्रिग्ज ने अपने मित्र को लिखा था, 1615 की ग्रीष्म ऋतु में वह नेपियर से नहीं मिल पाए। नेपियर से मिलने के लिए ब्रिग्स लंदन से एडिनबर्ग की कठिन यात्रा पर निकल पड़े। आज हमें आश्चर्य हो सकता है कि वह यात्रा क्यों इतनी कष्टप्रद रही होगी जबकि लंदन से एडिनबर्ग महज़ चार घंटे में पहुंचा जा सकता है। उन दिनों घोड़ों से खींची जाने वाली बग्घी में यह यात्रा चार दिनों में पूरी होती थी। ब्रिग्ज़ ने अपना संवाद इन शब्दों से शुरू किया, "श्रीमानजी, इतनी लंबी यात्रा मैंने जानबूझकर इसलिए तय की है कि आप का दर्शन-लाभ पा सकूं तथा यह जान सकूं कि वह कौन-सा नवाचारपूर्ण बुद्धि-विलास था जिससे प्रेरित होकर खगोलिकी में सर्वाधिक सहायक इस मौलिक खोज यानी लघुगणक के आविष्कार में प्रवृत्त होने का आपके मन में सबसे पहले विचार कौंधा।" एडिनबर्ग पहुचने से पहले ही ब्रिग्ज नेपियर को इस सुझाव के साथ पत्र लिख चुके थे कि लघुगणक का आधार 10 होना चाहिए। मुलाकात के दौरान ब्रिग्ज ने इस सुझाव को दोहराया कि नए लघुगणक की सारणियां 10 को आधार मानकर तथा लॉग 1 को शून्य मानकर तैयार की जानी चाहिए। कहा जाता है कि इसके उत्तर में नेपियर ने ब्रिग्ज को बताया था कि लघुगणक का आधार ई मानकर सारणियां तैयार करते हुए मेरे मन में भी यही विचार आया था परंतु "...कुछ तो अपनी शारीरिक अस्वस्थता और फिर नए सिरे से सारणियों को तैयार करने में बाधक कुछ अन्य बड़े कारणों से मैं इसे अंजाम नहीं दे सका।" ब्रिग्ज़ ने ऐसी सारणियां तैयार की। सन् 1624 में उन्होंने अपनी कृति अरिथ्मेटिका लॉगॉरिथ्मिका (लघुगणक का अंकगणित) प्रकाशित की। इस पुस्तक में ब्रिग्ज ने 'मैन्टीसा' (अपूर्णांश) एवं 'कैरक्टॅरिस्टिक' (अभिलक्षण) जैसे शब्दों का पहली बार प्रयोग किया था।

हेनरी ब्रिग्ज

नेपियर ने परिकलनों को सरल बनाने के लिए एक यांत्रिक विधि का विकास किया था। उनके द्वारा विकसित विधि को 'नेपियर की हड्डियां' नाम दिया गया और परिकलन के लिए उन्होंने संख्यांकित 'नम्बरिंग राड्स' का उपयोग किया था। नेपियर ने हाथीदांत की बनी छड़ों का इस्तेमाल किया जो स्वाभाविक रूप से हड्डियों जैसी दिखती थीं। तभी नेपियर की युक्ति को नेपियर की हड्डियों का नाम दिया गया। उन्होंने अपने परिकलनों के सरलीकरण की पद्धति को 1617 में अपनी कृति राडोलॉजिए, सियु न्यूमरेशॅनिस पर विरगुलॅस लिब्रि डुओ (स्टडी आफॅ डिवाइनिंग रॉड्स ऑर टू बुक्स आफॅ नम्बरिंग बाई मीन्स ऑफ रॉड्स) में प्रकाशित किया।

यहां यह गौरतलब है कि नेपियर ने शौकिया ही गणित का अध्ययन किया था। लघुगणक की खोज के अलावा नेपियर ने गणित में अन्य अनेक योगदान दिए थे। नेपियर ने ही पहले-पहल भिन्न संख्याओं के लिए दशमलव संकेतन पद्धति का प्रयोग किया था। उनके गणितीय अवदानों में त्रिकोणों के हल में प्रयुक्त स्मृति-सहायक सूत्र तथा 'नेपियर सादृश्य' नामक दो अन्य सूत्र सम्मिलित हैं। उन्होंने त्रिकोणमितीय फलनों के लिए चरघातांकी व्यंजक ज्ञात किए थे। उन्होंने एक जगह स्वयं उल्लेख किया है कि धर्मशास्त्र-संबंधी कार्यों में व्यस्तता के कारण उनके लिए गणितीय परिकलनों के लिए समय निकालना दूभर हो रहा है। नेपियर की खोज के आधार पर 1630 के दशक में परिकलन-पट्टिकाएं (स्लाइड रूल्स) बनाई गईं। गुणा और भाग की संक्रियाओं को संपन्न करने में सहायक स्लाइड रूल एक गणितीय उपकरण है। इसमें एक पट्टिका होती है जो एक दूसरी पट्टिका में बने खांचे से होकर सरकती है। दोनों ही पट्टिकाओं पर लघुगणक पैमाना (स्केल) अंकित होता है ताकि पट्टिका की लंबाइयों के सहारे लघुगणकों को प्रभावी ढंग से जोड़ और घटा कर गुणफल और भागफल का परिकलन किया जा सके। लंबे अंकगणितीय एवं त्रिकोणमितीय परिकलनों को अंजाम देने में भी परिकलन पट्टिका काम आती है। इसके लिए पट्टिकाओं को एक-दूसरे पर सरकाना पड़ता है। गति, परिशुद्धता एवं सुवाह्यता के अपने गुणों के चलते परिकलन पट्टिकाएं 1970 के दशक तक उपयोग में रहीं।

नेपियर को उनके पड़ोसी एक जादूगर तथा "स्याह ताकतों के साथ गठबंधन रखने वाला" व्यक्ति मानते थे। उनकी इस धारणा को दूर करने का नेपियर ने कोई प्रयत्न नहीं किया, उल्टे उन्होंने तो इसे प्रोत्साहित ही किया। वे जहां भी जाते अपने साथ एक छोटी ढिबिया में काली मकड़ी और एक पालतू काले मुर्गे को ले जाते। जादूगर के रूप में उनकी ख्याति को

सिद्ध करने वाली कुछ घटनाएं भी हुई थीं। उनमें से एक घटना उनके इस्टेट के नौकरों में से कौन-सा नौकर चोरी कर रहा है, इसकी पहचान करने में उनकी दक्षता से संबंधित है। इसके लिए वह अपने पालतू मुर्गे का प्रयोग करते। चोर की पहचान करने के लिए वे संदिग्ध नौकरों को अपने काले मुर्गे के साथ एक कमरे में बंद कर देते और उन्हें मुर्गे को अपने हाथ से पकड़ने का आदेश देते। जब यह प्रक्रिया पूरी हो जाती तो अपराधी की पहचान करने में नेपियर को कोई भी दिक्कत नहीं होती। दरअसल, इसमें किसी भी अलौकिक शक्ति का हाथ नहीं था। नेपियर अपने मुर्गे के बदन पर लकड़ी का कोयला मल देते थे। जो नौकर निरपराध होते वे बेहिचक मुर्गे को अपने हाथ से पकड़ लेते। लेकिन अपराधी उसे पकड़ने का बहाना मात्र करता। इसलिए नौकरों के हाथों का निरीक्षण करके नेपियर बता देते कि अपराधी कौन है क्योंकि साफ हाथों वाला ही चोर होता।

एक अन्य घटना नेपियर के एक पड़ोसी से संबंध रखती है। इस पड़ोसी के कबूतर नेपियर के खेतों से अनाज चुगते पाए गए थे। नेपियर ने अपने पड़ोसी को धमकी दी कि आइंदा जो भी कबूतर उनके खेत से अनाज चुगता पाया जाएगा वह उसे पकड़कर रख लेंगे। नेपियर के पड़ोसी ने इस धमकी को गंभीरतापूर्वक नहीं लिया। उसने नेपियर का उपहास उड़ाते हुए कहा, ''खुशी से रख लेना यदि तुम उन्हें पकड़ सको।'' अगले दिन सुबह लोगों ने देखा कि नेपियर के नौकर सैकड़ों आधे बेहोश हुए कबूतरों को बोरियों में भर रहे हैं। उन्हें विश्वास हो गया कि नेपियर ने उन कबूतरों पर जादू-टोना कर दिया है। लेकिन इसमें किसी जादूगरी या टोने-टोटके का इस्तेमाल नहीं हुआ था। नेपियर ने तो बस ब्रांडी में भिगोए मटर के दाने बिखेर दिए थे और इन दानों को खाकर कबूतरों को नशा चढ़ गया था जिसके कारण वे उड़ नहीं पाए थे।

नेपियर ने जादू टोने के सहारे फस्ट कैसल में छिपे खजाने को ढूंढ़ निकालने के लिए रेस्टेलरिग के रॉबर्ट लॉगन के साथ एक करार किया था। इस करार के नतीजे के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। लोगों का ऐसा विश्वास था कि नेपियर कीमियागिरी और प्रेतसिद्धि (भूत-प्रेत बुलाने) आदि कार्यों में लिप्त थे। उन दिनों वैज्ञानिक प्रतिभा से संपन्न व्यक्तियों पर टोना-टोटका करने और प्रेतविद्या के प्रयोग का लांछन लगाया जाना कोई असामान्य बात नहीं थी।

नेपियर ने स्कॉटलैंड के इतिहास में सर्वाधिक अशांतिपूर्ण काल को जिया था। हालांकि नेपियर के गणितीय कार्य ही उनकी ख्याति का दारोमदार थे, एक आधुनिक युग के गणितज्ञ से उनकी छवि सर्वथा भिन्न थी। उत्तर-पुनर्जागरण युग के व्यक्ति होने के कारण नेपियर की पार्श्विक चिंतन-शक्ति उन्हें खेती में सुधार से लेकर युद्ध में काम आने वाले इंजनों के निर्माण तक अनेकानेक कार्यों में संलग्न रखती थी। नेपियर का निधन 3 अप्रैल 1617 को हुआ और उन्हें सेंट जाइल्स गिरजाघर में दफनाया गया। चंद्रमा पर एक क्रेटर का नामकरण उनके नाम पर हुआ है। वह नेपियर क्रेटर कहलाता है।

नेपियर की कुछ महत्वपूर्ण कृतियां हैं : नेपियर्स बोन्स : ए हिस्ट्री एंड इन्स्ट्रक्शन मैन्युअल, लेखक : डी.जे. ब्राइडन (लंदन, 1992), (जॉन नेपियर : लॉगॉरिथ्म जॉन, लेखक : एल. ग्लैडस्टोन मिलर (एडिनबर्ग, 2003), (नेपियर टरसेन्टिनरी मेमोरियल वॉल्यूम, संपादक : सी.जी. नॉट (लंदन, 1915), (द आर्ट ऑफ नम्बरिंग बाई स्पीकिंग रॉड्स : वल्गरली टर्मड नेपियर्स बोन्स, लेखक : डब्ल्यू. लेबॅर्न (लंदन, 1667), (तथा मेमॉयर्स ऑफ जॉन नेपियर ऑफ मेर्किस्टन, हिज़ लिनिएज, लाइफ़ एंड टाइम्स, विथ ए हिस्ट्री आफॅ द इन्वेन्शन ऑफ लॉगॉरिथ्म्स, लेखक : एम. नेपियर (एडिनबर्ग, 1904)।

संदर्भ सामग्री :

1. हेलब्रॉन, जे. एल. (सं) द ऑक्स्फोर्ड कंपेनियन टू द हिस्ट्री ऑफ मार्डन साइंस, ऑक्स्फोर्ड : ऑक्स्फोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, 2003
2. द केम्ब्रिज डिक्शनरी ऑफ साईंटिस्ट्स (द्वितीय संस्करण), कैम्ब्रिज : केम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस, 2002
3. चेंबर्स बॉयोग्राफिकल डिक्शनरी (शताब्दी संस्करण), न्यूयॉर्क : चेंबर्स हराप पब्लिशर्स लिमिटेड, 1997
4. ए डिक्शनरी ऑफ साइंटिस्ट्स, ऑक्स्फोर्ड : ऑक्स्फोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, 1999
5. गुहा, पथिक, गुनेर बदले जोग, भागेर बदले बियोग (जोड़ से गुणा, घटाने से भाग), देश (कोलकत्ता से प्रकाशित होने वाला एक बंगला साप्ताहिक), 2 फरवरी 2008
6. इंटरनेट पर उपलब्ध स्रोत।

■ डॉ. सुबोध महंती
ई-मेल: smahanti@vigyanprasar.gov.in

(यह लेख पहले ड्रीम 2047 के जुलाई 2008 अंक में प्रकाशित हुआ है। विपनेट में इस लेख को राष्ट्रीय गणितीय वर्ष के अन्तर्गत पुनः प्रकाशित किया जा रहा है।)

Regional Workshop for VIPNET Club

S. No.	Workshop Station	Region	Dates	Venue/Host Institutions	Last date for receipt of completed registration form
1.	Ahmedabad	Western States (Maharashtra, Goa, Daman, Dadar & Nagar Hevali, Gujarat, Rajasthan,)	20-22 Aug., 2012	Gujarat Council of Science City, Ahmedabad.	15th August, 2012
2.	Gwalior	Central and Eastern States (M.P., Odisha, Jharkhand, Bihar, Chhattisgarh)	3-5 Sep., 2012	Yuva Vigyan Parishad, Gwalior.	15th Aug., 2012
3.	Guwahati	North East State & West Bengal (W.B., Assam, Mizoram, Nagaland, Tripura, Sikkim, Meghalaya, Arunachal Pradesh)	11-13 Sep., 2012	Assam Science Technology & Environment Council, Guwahati	15th August, 2012
4.	Chennai	Southern States (A.P., Karnataka, Tamil Nadu, Kerala, Lakshadweep, Andaman and Nicobar, Pondicheery)	9-11 Oct., 2012	Tamil Nadu State Council on Science & Technology, Coimbatore	15th August, 2012
5.	Dehradun	North States (Delhi, Haryana, H.P., J&K, Punjab, U.P., Uttarakhand, Chandigarh)	15-17 Oct., 2012	Uttarakhand State Council for Science & Technology, Dehradun	30th August, 2012

चित्र पहेली–73 / Photo Quiz-73

Brain Teaser / जुगत लगाओं

- Coins on the table
- Monu put some coins on the table.
- One half of them were tails up.
- Monu turned over two of the coins, and then.
- One third of them were tails up.

How many coins did Monu put on the table?

- मेज पर सिक्के
- मोनू ने 10 पैसे के सिक्के मेज पर रखे।
- आधे सिक्के का टेल ऊपर था।
- मोनू ने दो सिक्के को बदला और
- इसके बाद एक तिहाई सिक्के का टेल ऊपर हो गया।

अब बताइए कि मोनू ने कितने सिक्के को मेज पर रखा?

- उत्तर प्राप्त करने की अंतिम तिथि: 15, सितम्बर, 2012
- Last date of receiving correct entries: 15 August, 2012

अपने जवाब इस पते पर भेंजे	Send Quiz Answer to desk
विपनेट चित्र पहेली –73 **विज्ञान प्रसार** **ए-50, सेक्टर-62,** **नोएडा-201 309 (उ.प्र.)**	**VIPNET Photo Quiz 73,** **VIGYAN PRASAR** A-50, Sector-62, NOIDA-201 309 UP

Correct Answer of Photo Quiz 68



Name of the Winners

1. Debmalya Gharai (West Bengal)

Mathemitical Puzzle 27

- the numbers 0 to 9 in the circless so that no two consecutive numbers are connected by a straight line.



- गोलाकृत में 0 से 9 तक के अंकों को इस तरह से व्यवस्थित कीजिए, कि कोई भी लगातार आने वाले दो अंक सीधी रेखा में न हो।

■ R. K. Upadhyay
rkupadhyay@vigyanprasar.gov.in

- Last date of receiving correct entries: 15 Sep., 2012.
- Winners will get activity kit/ books as a prize.

Please send your entries to:-

Mathematical Puzzle-25 , VIPNET News,
Vigyan Prasar
A-50, Sector 62,
Noida-201 309 (U.P.)

The puzzle has been Designed as part of
National Mathematical Year-2012

Chemicals Terminology Puzzle- 23



Name of the winners:

1. E. Socraties (Tamil Nadu)
2. Vipin Joshi (Sagar, M.P.)
3. G.S. Gavai (Maharashtra)

Club speak

चन्द्रग्रहण के रोचक तथ्य

कल्पना साइंस क्लब, सीतामढ़ी बिहार द्वारा दिनांक 28-01-2012 को चन्द्रग्रहण के बारे में लोगों को रोचक जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में सभी सदस्य, छोटे बच्चे तथा बुजुर्गो ने भाग लिया। काल्पनिक रुप से एक बच्चे को सूर्य, दूसरे को चाँद और तीसरे बच्चे को पृथ्वी मानकर चन्द्रग्रहण के बारे में गतिविधि करके बताया गया। सभी को बताया गया

कि सूर्य की परिक्रमा पृथ्वी करती है, तथा पृथ्वी की परिक्रमा चाँद करता है। जब चाँद और सूर्य के बीच पृथ्वी आ जाती है तब चन्द्रग्रहण होता है। इस कार्यक्रम में बहुत से बच्चों ने कई प्रश्न पूछे जिनके रोचक तथा वैज्ञानिक ढंग से समझाया गया।

*****

क्लब द्वारा विज्ञान पत्रिका का विमोचन

आर्यभट्ट विज्ञान क्लब सरकण्डा, विलासपुर द्वारा 28 फरवरी, 2012 को विज्ञान दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में विज्ञान प्रदर्शनी विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोग आदि का आयोजन करके छात्रों को विज्ञान संबंधी सामान्य ज्ञान व सामान्य अध्ययन के बारे में जानकारी दी गई।

पूरे सत्र छात्रों ने विज्ञान संबंधी लेख व रोचक जानकारी हाथों से लिखकर संकलित किया। पत्रिका का विमोचन संस्था प्राचार्य अनिल तिवारी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अंत में सी.वी.रमन प्रभाव पर प्रकाश डाला व अनेक छात्रों से गणित से संबंधित प्रश्न पूछे गए व उनकी जिज्ञासा का समाधान किया गया।

*****

Earth Day 'April 22, 2012

The Kalpna Chawla Science Club, ZPPSS, Venkatpur, Distt. Warangal organized science exhibition during science fair (INSPIRED) in the month of August, 2011 on eradication of

plastic wastage as well as recycling of plastic material used in roads & agriculture sector. During this programme two members of the culb received INSPIRED award were also invited.

*****

Sky Watching Programme

Blackbody Science Club, Mysori organised a sky watching programme on February 28. 2012 on the occasion of National Science Day. During the sky watch, participants were shown some constellation and planets like Jupiter, Venus & Mars. Watching Star and planets through telescope was a unique expernce for all the participants.

*****



Published and Printed by Mrs. K. Dasgupta Misra on behalf of Vigyan Prasar, C-24, Qutab Institutional Area, New Delhi-110 016
Printed at Aravali Printers & Publishers Pvt. Ltd.
New Delhi - 110020. Ph. 011-26388830-32

Editor : B. K. Tyagi
Associate Editor : Rakesh Kumar Upadhyay
Layout & design : Pradeep Kumar
Typing : Ajeej Ahmed Azad